प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. **47 / 2026)**

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 06 अप्रैल 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने वैस्ट बंगाल लाइसेंस सेवा क्षेत्र (LSA) के तहत पश्चिम बंगाल के नार्थ 24 परगना और नादिया जिलों और आस-पास के क्षेत्रों, बारासात से रायगंज तक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-12) और हावड़ा से बंडेल होते हुए बधमान तक रलवे मार्ग के इलाकों में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने फरवरी 2026 के महीने के दौरान नार्थ 24 परगना और नादिया जिले के शहरी इलाकों और आस-पास के क्षेत्रों के व्यापक मार्गों, बारासात से रायगंज तक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-12) और हावड़ा से बंडेल होते हुए बर्धमान तक रेलवे मार्ग को कवर करते हुए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, व्यावसायिक केन्द्रों आवासीय क्षेत्रों और रेलवे मार्ग में यात्रियों के अनुभवों को आंकने के लिए रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे ।

10 **फरवरी 2026 से** 21 **फरवरी 2026 के बीच**, भादविप्रा की टीमों ने वैस्ट बंगाल लाइसेंस सेवा क्षेत्र के तहत नार्थ 24 परगना और नदिया शहरों के आस पास के इलाकों, बारासात से रायगंज राष्ट्रीय राजमाग-12 और हावड़ा से बंडेल होते हए बर्धमान रेलवे मार्ग पर **436.3 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट 28 हॉटस्पाट स्थानों**, **4.4 किलोमीटर वॉक टेस्ट, 363.6 किलोमीटर हाईवे ड्राईव टेस्ट** और **107.3 किलोमीटर रेलवे ड्राईव टेस्ट** करते हए विस्तत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया था।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**

**क) वॉइस सेवाएं:** कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।

**ख) डाटा सेवाएं:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।

वैस्ट बंगाल एलएसए में पश्चिम बंगाल राज्य के नार्थ 24 परगना और नादिया जिलों के शहरी मार्गों में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है:

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट**- ऑटो-सेलेक्शन मोड (**5G/4G/3G/2G)** में एयरटेल**,** बीएसएनएल**,** आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 96.66%, 83.79%, 99.72% और 99.91% है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** - ऑटो-सेलेक्शन मोड (**5G/4G/3G/2G)** में एयरटेल**,** बीएसएनएल**,** आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल ड्रॉप रेट क्रमशः0.00%, 5.85%, 0.55% और 0.55% है।

**5G डेटा सर्विसेज** ने समग्र सिटी ड्राइव टेस्ट में अधिकतम औसत डाउनलोड स्पीड **212.68** Mbps और अधिकतम औसत अपलोड स्पीड **28.09** Mbps की प्रदान की।


ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट के दौरान नीचे दिए गए विवरण के अनुसार **सिग्नल की स्ट्रेंथ खराब** देखी गई है


| ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट का प्रकार | खराब सिग्नल स्ट्रेंथ वाले नमूनों का % | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **वॉयस टेस्टिंग** | | | | **डाटा टेस्टिंग** | | | |
| | एयरटेल | बीएस एनएल | आरजे आईएल | बीआई एल | एयरटेल | बीएस एनएल | आरजे आईएल | बी आईएल |
| शहर | 1.60% | 34.01% | 2.13% | 5.91% | 11.36% | 29.72% | 9.87% | 17.10% |
| राजमार्ग | 0.47% | 27.80% | 0.55% | 1.49% | 6.68% | 27.99% | 8.28% | 6.32% |
| रेलवे | 0.66% | 8.17% | 0.65% | 2.97% | 6.19% | 35.51% | 6.57% | 8.94% |

नार्थ 24 परगना और नदिया जिले में नेटवर्क के मूल्यांकन में हाबरा, कांकपुल, शेरपुर मोरे, साउथ हाबरा, बागजोला, गुरदाहा, खोलापोटा, बेराचम्पा, हारोआ, मीनाखान, नजत, खरमपुर, हसनाबाद, बशीरहाट, अखरपुर, अतुरिया, तेंतुलिया, मसलंदापुर, ढाकुरिया, अंगराइल, बनगांव, चकदाहा, सिमुराली, राणाघाट, बीरनगर, कृष्णानगर, गोबिंदपुर, बड़कुल्ला, कंथालियामठ और मायापुर आदि और बारासात से रायगंज से गुजरने वाले राजमार्गो में अमडांगा, रानाघाट, कृष्णानगर, देबग्राम, भबताम, मोरग्राम, सादिकपुर, फरक्का, गजोल और रूपहार जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे।

भादूविप्रा ने (i) अशोकनगर राज्य सामान्य हौस्पीटल अशोकनगर कल्याणगढ़, **(ii)** बसीरहाट कोर्ट बसीरहाट, (iii) बसीरहाट सुपर स्पेशलिटी हौस्पीटल इतिंडा बसीरहाट, **(iv)** बेलडांगा-I बी.डी.ओ. ऑफिस सरूलिया, **(v)** बेथुआड़हरी वाईल्डलाईफ सेंक्चुरी, सेगुन बागान रोड, राजेंद्रनगर, **(vi)** बोंगांव एस. डी. हौस्पीटल डॉ. जे.आर. धारदह चंपाबेरिया बनगांव, **(vii)** सेंट्रल सेरीकल्चर रानीनगर चुआपुर बरहमपुर, **(viii)** धनियागंगा कृषि विज्ञान केंद्र सरगाची मिशन बस स्टॉप एन.एच.12 सरगरघी महिष (ix) फुलिया तांत साड़ी हाट राष्ट्रीय राजमार्ग 12 बेलेमाथ फूलिया, (x) गोबरडंगा हिंदू कॉलेज जमदानी गोबरडंगा, (xi) जे.एम.एन. मेडिकल कॉलेज एंड हौस्पीटल पंचपोटा चकदह एकतारपुर, (xii) कालियाचक-I बी.डी.ओ.ऑफिस मालदा बलियादंगा, (xiii) कृष्णनगर कॉलेजिएट स्कूल रवींद्र नाथ टैगोर आर.डी. कृष्णनगर, (xiv) कृष्णनगर हैड पोस्ट ऑफिस, आर.एन.टैगोर रोड मोरे कृष्णनगर, (xv) कृष्णनगर पैलेस कृष्णनगर, (xvi) कुलिक बर्ल्ड एंड वाईल्डलाईफ सेक्चुरी एनएच-12 रायगंज सोहराई, (xvii) मौलाना अबुल कलाम आजाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हर अस्पताल शांतिपुर, ;(xviii) रायगंज गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, (xix) रायगंज पोस्ट ऑफिस, (xx) राणाघाट कॉलेज ओल्ड बेरहमपुर रोड राणाघाट, (xxi) राणाघाट सेशन कोर्ट राणाघाट, (xxii) राणाघाट सब-डिविजनल हॉस्पिटल श्रीनाथ पुर राणाघाट, (xxiii) शांतिपुर हाट शांतिपुर, (xxiv) शांतिपुर स्टेट जनरल हॉस्पिटल शांतिपुर, (xxv) श्री चैतन्य कॉलेज हाबरा बोकाहोदा हाबरा, (xxvi) सुजापुर प्राईमरी हैल्थ सेंटर सुजापुर, (xxvii) टाकी रामकृष्ण मिशन हाई स्कूल टाकी, (xxviii) ठाकुरनगर, ठाकुरबाड़ी, ठाकुरनगर, चिकनपाड़ा; ठाकुरनगर ठाकुरबाड़ी में स्टैटिक टेस्टिंग माध्यम से परीक्षण किए और **(i)** कृष्णानगर सिटी जंक्शन रेलवे स्टेशन कृष्णानगर, **(ii)** कृष्णानगर सदर (जिला) अस्पताल रानाघाट-कृष्णानगर बीवाईपी, **(iii)** मायापुर इस्कॉन मंदिर चैतन्य भवन बीबीटी रोड मायापुर, (iv) राणाघाट जंक्शन रेलवे स्टेशन रानाघाट में वाक टेस्ट के माध्यम से टेस्ट किए।

**प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन का सारांश:** CSSR: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (%में), **CST**.:कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), DCR:(%में),**MOS**: मीन ओपिनियन स्कोर ।




### सारांश-वायस सेवाएं

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट**: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः96.66%, 83.79%, 99.72% और **99.91%** है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (**5G/4G/3G/2G**) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः1.84,6.33, **0.62** और 0.99 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (**5G/4G/3G/2G**) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः**0.00%**, 5.85%, 0.55% और 0.55% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (**4G/5G**). में एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः**0.15%**, 3.26%, 0.75% और 1.00% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः 4.02, 3.13, **4.52** और 4.45 हैं।

### सारांश-डाटा सेवाएं

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटल (5G/4G) की औसत डाउनलोड स्पीड 120.39 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 12.50 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की **212.68 Mbps** और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 23.36 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)** एयरटेल (5G/4G) की औसत अपलोड स्पीड **28.09 Mbps** , बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 4.06 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 25.87 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड13.73 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः56.37 ms, 51.24 ms, **42.29 ms**, और 46.67 ms है।

**डाटा निष्पादन - हौट स्पॉट (Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल - | 4G D/L: 43.28 | 4G U/L: 6.97 |
| | 5G D/L: 181.53 | 5G U/L: 36.97 |
| बीएसएनएल- | 4G D/L: 12.01 | 4G U/L: 3.95 |
| आरजेआईएल - | 4G D/L: 50.08 | 4G U/L: 13.64 |
| | 5G D/L: 242.15 | 5G U/L: 29.64 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 16.20 | 4G U/L: 9.44 |

**नोट - "D/L" डाउनलोड स्पीड "U/L" अपलोड स्पीड**

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है।किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री कौशिक मुखर्जी, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता) भादूविप्रा से ईमेल adv.kolkata@trai.gov.in या टेलीफोन नं **+91-33-22361401** पर संपर्क किया जा सकता है।

कौशिक
06/04/2026

(कौशिक मुखर्जी )
सलाहकार,,भादूविप्रा क्षे.का.,,कोलकाता